# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर

## दिनांक– 18.08.2025

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अर्न्तगत 02 शातिर मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार–**
  दिनांक 18.08.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास सिंघल मय हमराहीगण द्वारा 02 अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 1. कफील उर्फ कामरान पुत्र अब्दुल वहीद उर्फ अब्दुल वाहिद निवासी मोहल्ला भोले नगर वार्ड नंबर 11 फतेहगंज थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली 2. मेरहबान पुत्र छोटे निवासी अंसारी मोहल्ला वार्ड नं0 8 फतेहगंज थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली को गश्त के दौरान बहलना पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 152 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 148/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**
  दिनांक 18.08.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनोज कुमार मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त मिथुन उर्फ सुन्दर पुत्र जल सिंह निवासी ग्राम अझौता थाना दौराला, मेरठ को ग्राम टन्ढेडा से ककरौली मार्ग पर रजवाहा की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 130/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 17.08.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 263/11/21 धारा 128 सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त शाहनजर पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम तेवडा थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 18.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 644/18 धारा 323,324,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त जावेद पुत्र सब्बीर निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**
  दिनांक 17.08.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री विशाल राठी मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त आदेश पुत्र सूरजभान निवासी ग्राम न्यामू थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अकबरगढ़ से सिकन्दरपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 मस्कट मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 207/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 18.08.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री चरन सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 398/25 धारा 80(2),85 बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण 1. मयंक शर्मा पुत्र स्व0 संजीव उर्फ गुडडू 2. रेखा पत्नी संजीव उर्फ गुडडू व 3. छवि पुत्र स्व0 संजीव उर्फ गुडडू निवासीगण शिवपुरी थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को भोपा बस स्टैण्ड के पास लिंक रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 वीवो मोबाईल फोन(मृतका का), 01 मोबाईन फोन व 800/– रूप्ये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 17.08.2025 को थाना तितावी क्षेत्र में 01 विडीयो वायरल हुई जिसमें 01 व्यक्ति हाथ में अस्लहा लेकर वैठा हुआ है वीडियो का संज्ञान थाना तितावी पुलिस द्वार लिया गया तथा मु0अ0सं0 207/25 धारा 30 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

आज दिनांक 18.08.2025 को उ0नि0 श्री रोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त दानिश पुत्र शरफराज उर्फ बब्लू निवासी ग्राम गुजरहेडी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 लाईसेंसी दौनाली बन्दूक 12 बोर को बरामद किया गया हैं तथा धारक के लाईसेंस जब्तीकरण की कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगणों द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की गयी है।